## खबर संक्षेप

### बच्ची के साथ दुष्कर्म की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में चार वर्षीय बच्ची के साथ रेप का प्रयास किया गया। बच्ची अपने पिता के साथ सब्जी लेने गई थी। पिता ने उसे एक तरफ खड़ा कर दिया था। इसी दौरान आरोपी उसे वहां से दूसरी जगह ले गया। जहां उसे निर्वस्त्र कर दिया। इसके बाद उसके साथ गलत करने की कोशिश करने लगा, तभी वहां तलाशते हुए पिता पहुंच गया। जिन्हें देख आरोपी ने धमकी देते हुए फरार हो गया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के शिरा नामक युवक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो महिलाएं लापता केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत शहर व गांव नंगला पार से दो विवाहिता लापता हो गई। इधर, किला थाना पुलिस को दी शिकायत में गौरव निवासी धनपत राय चक्की के पास ने बताया कि उसकी पत्नी रेखा रानी निवासी पठानो वाला मोहल्ला, न्यू सब्जी मंडी पानीपत 23 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे रेखा बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई। इधर, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में साहिल निवासी गांव नंगला पार जिला पानीपत की पत्नी रायल निवासी गांव सांघी, रोहतक है। सुसराल से लापता हो गई। वही, रायल द्वारा लिख या पत्र बैड पर पडा मिला जिसमें लिखा था कि वह अपनी मर्जी से घर छोड़कर जा रही है, तलाशे की कोशिश नहीं करना। इधर, पुलिस ने दोनों महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

### इनेलो सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**पानीपत।** इनलो के जिला उपाध्यक्ष अशोक डोलिया द्वारा अंसध रोड के ज्योति नगर में आयोजित कार्यक्रम में इनलो के पानीपत ग्रामीण अध्यक्ष कुलदीप राठी ने पहुंचकर बुजुर्ग व युवाओं का आशीर्वाद लिया। यहां पहुंचने पर इनलो नेता कुलदीप राठी का कालोनी वासियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कुलदीप राठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इनलो पूरी मजबूती के साथ लोकसभा की सभी दस सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस अवसर पर अशोक डोलिया, बिटू मलिक, जसबीर मलिक, सुखदेव सेन, मेजर सिंह, बिल्लू, सुरेंद्र काकरान, सोनू, अमन सरदार,विनोद धौंकच, शिवम त्यागी, रवि शर्मा,प्रवीण बजावा, ईश्वर फौजी, पवन लाकड़ा, जय टंडन, सुशील कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### ढांडा के मंत्री बनने पर पाल समाज खुश

**पानीपत।** पाल समाज ने कैलाश पाल के नेतृत्व मे अपने सैकड़ों साथियों के साथ हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महीपाल ढांडा व उनके बड़े भाई हरपाल ढांडा को उनके मंत्री बनने पर बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर और युवाओं ने मिठाई खिला कर स्वागत किया व होली की शुभकामनाएं। इस अवसर पर पाल समाज से रणबीर पाल, मानसिंह, मेघराज, तेजपाल, प्रेम पाल, सुरेंद्र पाल, रमेश पाल, मुकेश पाल, मनोज पाल, पवन पाल, श्याम पाल, सरपंच मेहर सिंह, सोहन पाल, बृज पाल, जगदीश पंडवार, मा.सचिन पाल, अनिल पाल, अजय पाल, प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नत

# रादौर के पक्का व कच्चा घाट पर श्रद्धालुओं ने किया होलिका पूजन



यमुनानगर। रादौर स्थित पक्का व कच्चा घाट पर बनाई होली का पूजन करते श्रद्धालु।

होली के दिन सभी तरह की नकारात्मक शक्तियों को घर से बाहर करने और संकटों को मिटाने का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के पक्का व कच्चा घाट पर रविवार को होलिका पूजन किया गया। स्थानीय लोगों ने दोनो घाटों पर पहुंचकर होलिका की पूजा अर्चना की। कस्बा के पंडित नीरज व कमलेश अवस्थी ने बताया कि रादौर के कच्चा व पक्का घाट पर श्रद्धालु सुबह से ही पहुंचकर होलिका की पूजा अर्चना करने लगे थे। उन्होंने बताया कि दो दिन मनाए जाने वाले होली के त्योहार में पहले दिन होलिका पूजन किया जाता है और शाम को होलिका दहन किया जाता है। वहीं दूसरे दिन रंगों का त्योहार फाग मनाया जाता है। जिसमें लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं। उन्होंने बताया कि होली का प्रारम्भ प्रहलाद जी की कथा से जुड़ा है। इसमें लोग पुरानी कटुता को भुलाकर गले मिलते हैं। यह त्योहार एकता, मिलन तथा पवित्र प्रेम का प्रतीक है । गुझिया होली का मुख्य पकवान है । होली के दिन सभी तरह की नकारात्मक शक्तियों को घर से बाहर करने और संकटों को मिटाने का पर्व है । इस दिन श्री हनुमान जी की पूजा करना परम श्रेयस्कर होता है। इस दिन देवताओं को प्रसन्न करने के लिए जो रंग जिस देवता को पसन्द है उसे अर्पित करना चाहिए। होलिका दहन के समय लौंग, कपूर और अपनी लम्बाई का धागा अपने ऊपर उतारकर होली में डालने से से सभी तरह की तंत्र क्रियाएं नष्ट हो जाती हैं।



यमुनानगर। रादौर स्थित आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ में भाग लेते स्थानीय लोग।

## आर्य समाज मंदिर में हवन करके मनाया होली का पर्व

- आर्य समाज मंदिर रादौर में हुआ हवन यज्ञ
- हवन यज्ञ हमारी हिंदू संस्कृति की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के आर्य समाज मंदिर में होली के अवसर पर रविवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें राजीव आर्य सन्नी सह दंपति यजमान के रूप में सम्मलित हुए। हवन यज्ञ में स्थानीय लोगों ने आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। यजमान राजीव आर्य सन्नी ने बताया कि होली का त्योहार सभी अपने अपने तरीके से मनाते हैं। हवन यज्ञ हमारी हिंदू संस्कृति की पहचान है। हजारों वषार् से ऋषि मुनि विश्व कल्याण के लिए हवन यज्ञ करते आ रहे हैं। जब भी कोई विपदा आती थी तो हवन यज्ञ कर उनका निवारण किया जाता था। आज भी आर्य समाज मंदिर में हर रविवार को हवन यज्ञ की प्रथा को जिंदा रखा हुआ है। सभी को अपने अपने घरों में हवन यज्ञ अवश्य करवाना चाहिए। जिससे वातावरण शुद्ध होता है।



यमुनानगर। रादौर में राधा कृष्ण के साथ होली का पर्व मनाते क्लब के सदस्य।

## राधा कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली

### कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी

- रोटरी क्लब, रोटरी वूमेन, इनरव्हील क्लब द्वारा संयुक्त रुप से रादौर के त्रिवेणी गार्डन में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रोटरी क्लब रादौर, रोटरी वूमेन, इनरव्हील व ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज की रोट्रेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को होली पर्व के अवसर पर कस्बा के त्रिवेणी गार्डन पैलेस में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान रोटरी क्लब व अन्य क्लब के सदस्यों ने कार्यक्रम में राधा कृष्ण का रुप धरे पात्रों के साथ रंगों की होली खेली। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी एवं उद्योगपति संदीप गर्ग ने किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट चेयरमैन अश्विनी ढींगरा, पूजा माटिया, कुलवंत कौर पंजेटा, मोहित गर्ग, डॉ. शुभम सलूजा व हरजीत सिंह की देखरेख में राधा कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। सभी सदस्यों ने राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली खेलकर होली का पर्व मनाया। इस दौरान ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज के रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों ने कविता व गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि होली के अवसर पर देशभर में भारी मात्रा में पानी का दुरुपयोग होता है। इस समय दुनियाभर में पीने के पानी को लेकर तंगी महसूस की जा रही है। ऐसे में हमें होली पर रंगों की बजाय फूलों से होली खेलकर पानी की बचत करनी चाहिए। जिससे हम पानी को व्यर्थ होने से बचा सके। उन्होंने कहा कि होली का पर्व अपने साथ अनेकों खुशियां लेकर आता है। हमें यह त्योहार आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए। कार्यक्रम में कुछ नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। जिनमें रविंद्र शर्मा, वीना रानी, डॉ. सोनिया शर्मा, सुमन शर्मा, मंजू रानी, सुनैना गर्ग, राजविंदर कौर खुर्दबन शामिल है। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, डॉ.एससी सैनी, प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा, सचिव जसवंत सिंह बंचल, विपिन शर्मा व डॉ. सोनिया आदि मौजूद रहे।

## प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से दीवार तोड़ी

- पुलिस ने चार आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बूडिया निवासी नवीन गाबा ने प्लाट पर कब्जा करने की नीयत से पड़ोसियों पर उसकी दीवार तोड़ने का आरोप लगाया है। पंचायत में नवीन गाबा के हक में फैसला होने के बाद यह दीवार बनाई गई थी। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को नामजद करते हुए अन्य पर केस दर्ज किया है। बूडिया निवासी नवीन गाबा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बूडिया में 433 वर्गगज का प्लाट है। जहां उसने मकान बनाया हुआ है। मकान की पिछली तरफ प्लाट की कुछ जगह खाली पड़ी है। उसके प्लाट के साथ ही छोटू राम का मकान बना हुआ है। उसके प्लाट व छोटू राम के मकान के बीच एक दीवार बनी हुई है। 28 फरवरी को छोटू राम, मोजित, आजाद सैनी ने मिलकर रात के समय इस दीवार को तोड़ दिया और उनके प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। इसके बाद दोनों पक्षों की पंचायत हुई। पंचायत में यह साबित हुआ कि यह प्लाट हमारा है। इस प्लाट पर उनका 1969 से कब्जा चला आ रहा है।

## रंग बनाओ प्रतियोगिता में प्रीति व मुस्कान ने बाजी मारी

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी में आयोजित हुई रंग बनाओ प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में बी व डी फॉर्मेसी के विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी नाचरौन (रादौर) में होली पर्व के मौके पर डी व बी फॉर्मेसी के विद्यार्थियों के लिए एक हर्बल रंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रुप में (विद्या भारती उच्च शिक्षा) संस्थान के डीन डॉ. सुरेश कुमार ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने की। रंग बनाओ प्रतियोगिता में बी फॉर्मेसी की सातवें सेमेस्टर की छात्रा प्रीति व मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, डी फॉर्मेसी प्रथम वर्ष की छात्रा सरीता, खुशी, पलक, अंकुश,भूपिंदर व सचिन ने संयुक्त रुप से द्वितीय स्थान और डी फॉर्मेसी के द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति, आरजू खान, राहुल व सोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से मुख्यातिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को सामने लाना रहा।



यमुनानगर। ग्लोबल शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित रंग बनाओ प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

### होली अपने जीवंत रंगों के लिए प्रसिद्ध

मौके पर मुख्यातिथि एवं डीन डॉ. सुरेश कुमार विद्यार्थियों को प्राकृतिक रंगों, सुगंधों के क्षेत्र में गहराई और ढेर सारे वानस्पतिक स्रोतों का पता चला। जिनका उपयोग हमारे परिवेश में रंग और सुगंध भरने के लिए किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि हर्बल रंगो में वनस्पतियों में गेंदा, अमलतास, टेसू, अनार का छिलका व हल्दी प्रकंद आदि को शामिल किया गया। उन्होंने यह पहचानने के महत्व पर जोर दिया कि होली अपने जीवंत रंगों के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन रसायन युक्त रंगों का उपयोग महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। मौके पर संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल व वाइस चेयरमैन इंदू जिंदल ने विद्यार्थियों को होली पर्व की शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने संस्थान पर इस प्रकार की गतिविधियों को आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान में भविष्य में भी इसी तरह की पहल जारी रहेगी।

## सरसों व गेहूं की फसलों की खरीद के लिए पूरे किए इंतजामः कंवरपाल

- हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की सरसों व गेहूं की फसलों को खरीदने के लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। किसानों की फसलों का दाना दाना सरकार खरीदेगी। उन्होंने उक्त दावा रविवार को जगाधरी में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए जताया। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसान भाइयों की सहायता के लिए उनकी 14 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। हरियाणा के किसानों को फसल मुआवजे के तौर पर भी देश भर में सबसे ज्यादा मुआवजा प्रदेश सरकार ने प्रदान किया है। वहीं, भावांतर भरपाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा से भी किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। कृषि मंत्री कंवरपाल ने बताया कि प्रदेश की अनाज मंडियों में सरकारी एजेंसीयों द्वारा एमएसपी पर खरीदी जाने वाली फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने का इंतजाम कर लिया गया है। भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं शुरू की हुई हैं। जिनका किसानों को लाभ उठाना चाहिए।



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते कृषि मंत्री कंवरपाल। *फोटो: हरिभूमि*

### पीडीडब्ल्यूए के जिलाध्यक्ष बने बठला

पानीपत । पेट्रोलियम डीलर वेल्फेयर एसोसिएशन, हरियाणा के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने सोहन लाल बठला को पानीपत पेट्रोलियम डीलर वेल्फेयर एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं बठला ने अपनी नियुक्ति के लिए संजीव चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि पानीपत में पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के संगठन को वे और अधिक मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम डीलरों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को जान कर उनका निराकरण करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पानीपत का हर पेट्रोलियम डीलर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है और एसोसिएशन के बैनर तले एकजुट है।

## शादी का झांसा देकर महिला से किया दुष्कर्म

- आरोपी पर महिला के क्रेडिट कार्ड से लोन लेने का भी आरोप
- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी महिला ने खजूरी निवासी सुरेंद्र उर्फ काला पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपी ने महिला के क्रेडिट कार्ड पर लोन लेकर पहले कार ली। इसके बाद मकान की रजिस्ट्री पर दो लाख रुपये का लोन लिया। लोन की किस्त न भरने पर आरोपी ने महिला को शादी करने से मना कर दिया। पजगाधरी की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खजूरी निवासी सुरेंद्र उर्फ काला ड्राइवरी व फोटोग्राफी का काम करता है। आरोपी ने कई सालों से जान पहचान है। वह उसके घर अकसर आता जाता है। जान पहचान के कारण आरोपी ने मजबूरी बताकर पिछले साल उसके क्रेडिट कार्ड पर दो लाख रुपये का लोन लेकर कार ली थी। आरोपी ने उसे कहा था कि वह उसकी समय पर किस्त देता रहेगा। इसके बाद आरोपी ने उसके क्रेडिट कार्ड पर डेढ़ लाख रुपये का कैमरा, वाशिंग मशीन व इनवर्टर ले लिया। लेकिन आरोपी ने उसकी एक भी किस्त नहीं भरी। किस्त न भरने पर कंपनी के लोग उसे परेशान करने लगे। जिसके बाद उसने आरोपी को किस्त न भरने पर उसके खिलाफ पुलिस को शिकायत देने की बात कही। तब आरोपी ने पूरा लोन उतारने के लिए उससे मकान की रजिस्ट्री पर लोन लेकर पहले लिया लोन उतारने की बात कही। आरोपी की बातों में आकर उसने आरोपी को मकान की रजिस्ट्री दे दी। जिस पर आरोपी ने फरवरी माह में दो लाख का लोन लिया। एक दिन आरोपी ने उसे कहा कि उनकी शादी को नौ साल हो गए हैं, लेकिन उसकी पत्नी के पास कोई बच्चा नहीं है। इसलिए वह उसे तलाक देकर उससे शादी करेगा। वह आरोपी के झांसे में आ गई। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने उससे गलत काम किया। जिसकी वजह से वह अब दो माह की गर्भवती है। उसके पास किस्त भरने के लिए कंपनी से फोन आया तो उसे पता चला कि आरोपी ने रजिस्ट्री पर लिए दो लाख से पुराना लोन चुकता नहीं किया। जब उसने आरोपी को फोन किया तो उसने कहा कि वह अभी उत्तर प्रदेश में है, आकर लोन भर देगा। इसके बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## धर्मकर्म

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने होली मिलन सत्संग का किया आयोजन

# मनुष्य अज्ञानतावश होली पर्व की गरिमा एवं मर्यादा को कर रहा है नष्ट : भारती

पर्व एवं त्योहार के पीछे आध्यात्मिक एवं भौतिक तथ्य छिपे हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा होली पर्व के अवसर पर हनुमान गेट जगाधरी स्थित आश्रम में होली मिलन सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी रेवा भारती ने श्रद्धालुओं को होली पर्व के महत्व को समझाया। साध्वी रेवा भारती ने फरमाया कि होली पर्व सद्भावना का त्यौहार है। मगर आज के परिवेश में मनुष्य अज्ञानतावश होली पर्व की गरिमा व मर्यादा को नष्ट करने में लगा है। जबकि इस पर्व को हम सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। साध्वी रेवा भारती ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत में मनाए जाने वाले प्रत्येक पर्व एवं त्योहार के पीछे कुछ ना कुछ आध्यात्मिक एवं भौतिक तथ्य छिपे हुए हैं। जिन्हें समय समय पर हमारे संत महापुरुष मानवता के कल्याण हेतु उजागर करते हैं। होली का त्योहार रंगों के साथ खेला जाता है।



यमुनानगर। जगाधरी में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा होली पर्व पर आयोजित होलिका सत्संग में प्रवचन करती साध्वी भारती व श्रवण करते श्रद्धालु।

### फूलों से तैयार रंग इस्तेमाल करे

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो चैत्र मास में कई तरह के जीवाणु एवं विषाणु वातावरण में सक्रिय हो जाते हैं जो कई तरह के संक्रमण पैदा करते हैं। होली के त्योहार में इस्तेमाल किए जाने वाले औषधीय गुणों से भरपूर फूलों एवं उनके सूखे हुए पाउडर को पहले एक दूसरे पर लगाने के लिए औषधि की तरह इस्तेमाल किया जाता था। जिससे हमारे स्वास्थ्य की रक्षा हो पाती थी। मगर आज के परिवेश में मनुष्य अज्ञानतावश इस पावन पर्व की गरिमा एवं मर्यादा को नष्ट कर रहा है। साध्वी ने फरमाया कि आज ब्रह्मज्ञान के द्वारा प्रत्येक मानव के भीतर प्रहलाद जैसी शुद्ध भक्ति भी पैदा हो सकती है और होली में इस्तेमाल करने के लिए औषधीय गुणों से भरपूर फूलों के द्वारा तैयार किए गए रंग भी प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए आज हमें अपने संकीर्ण दृष्टिकोण को त्याग कर ब्रह्मनिष्ठ गुरु की शरण में जाना होगा । तभी हमारा प्रत्येक त्योहार एवं पर्व मनाना सार्थक हो पाएगा।



**खबर संक्षेप**



लाडवा। होली मिलन समारोह के अवसर पर उपस्थित समाजसेवी सचिन गर्ग वा गणमान्य व्यक्ति।

## होली मिलन से भाईचारा बढ़ाने का दिया संदेश

**लाडवा।** उद्योगपति सचिन गर्ग ने अपने फार्म हाउस पर होली मिलन का त्यौहार बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। सचिन गर्ग ने कहा कि उन्होंने यह होली मिलन का त्योहार किसी भी राजनीति के बगैर, जात-पात, धर्म व वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व पत्रकार साथियों के साथ मिलकर एक खुशनुमा माहौल में मनाया। जिसमें सबसे पहले सचिन गर्ग ने आए हुए सभी साथियों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और फिर फूलों की होली खेली और जमकर मस्ती की। उन्होंने कहा कि उन्होंने शहर में यह एक प्रकार के नए दौर की शुरूआत की है। जिसमें किसी प्रकार की कोई राजनीति नहीं कोई जात-पात व धर्म आदि का भेदभाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह रंगों का त्यौहार है और हमें आपसी भाईचारे को बढ़ाने का काम करना चाहिए। वहीं प्रसिद्ध समाजसेवी, एडुस्कोप के डायरेक्टर व युवा भाजपा नेता अंकुश गोयल ने अति उत्साहित शब्दों में कहा कि यह हॉली डे, मस्ती डे, आपसी भाईचारा बढ़ाने वाला डे, रंगों का डे आदि है। उन्होंने समाजसेवी सचिन गर्ग द्वारा शुरू किए गए इस कार्य की जमकर सराहना की। मंच का सफल संचालन शिक्षक अरुण करूडवाल ने किया।

### होली पर बाजारों में रही रौनक, खूब हुई खरीदारी

# होलिका का हुआ दहन, आज जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल

कई जगह पर होली मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं ने जमकर मौज-मस्ती की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रंगों का त्योहार होली सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को होलिका दहन के लिए शहर में कई जगह पर होली मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं ने जमकर मौज-मस्ती की। एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। शाम के समय महिलाओं ने होली पूजन किया। इसके बाद होलिका दहन कर युवा डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। बाजारों में भी होली पर्व को लेकर जमकर खरीदारी युवाओं ने की। रंग, गुलाल व पिचकारियों को लेकर बाजार सजे हुए थे।

युवा वंश, वीरेन, तनुष व भाविक ने बताया कि आज दोस्तों की टोलियां मनाकर रंगों का त्योहार होली को धूमधाम से मनाया जाएगा। युवाओं की टोलियों द्वारा रात से ही रंग-गुलाल उड़ाने की तैयारियां पूरी कर ली गईं। शहर में कई स्थानों पर युवा टोलियां बनाकर रंग-गुलाल उड़ाकर होली की बधाइयां देते नजर आएंगे। होलिका दहन पर युवाओं ने होली के फिल्मी गीतों पर भी जमकर डांस किया। बच्चे-युवा पिचकारियों में रंग लेकर आने-जाने वालों को रंगीन करते दिखाई दिए। महिलाओं ने होलिका दहन के लिए लकड़ी और कंडों से सजी होलिका का पूजन किया।



कुरुक्षेत्र। दुकान पर रखे रंग व पिचकारियां। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य विभाग सतर्क

सिविल सर्जन डॉ. सुखबीर सिंह ने कहा कि होली पर्व को देखते हुए विभाग सतर्क है। आपातकालीन विभाग में चिकित्सकों के साथ-साथ दवाइयों का विशेष प्रबंध किया गया है। नेत्र व त्वचा रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी लगाई गई है। सभी चिकित्सकों व स्टाफ को ड्यूटी पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### सुरक्षा के कड़े प्रबंध : एसपी

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने शहरवासियों को होली पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली को उत्साह एवं खुशियों के साथ मनाएं। कोई हुड़दंग न करे। उन्होंने बताया कि होली को लेकर सुरक्षा के उचित प्रबंध किए गए हैं। सभी थाना व चौकी प्रभारियों को ड्यूटी पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए है। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर पुलिस की रहेगी। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में सप्ताहभर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम कड़े कर दिए थे। आज भी पुलिस प्रशासन शहर के कई मुख्य मार्गों पर सख्त चेकिंग अभियान चलाएगा।

### प्राकृतिक रंगों का करें इस्तेमाल : डा. शैलेंद्र शैली

हृदय एवं छाती-क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं ने बताया कि होली खेलते समय आंख पर चश्मा, चेहरे पर मास्क और कानों में ईयर प्लग, कॉटन बॉल या इयर मफ का उपयोग करने से आंखों एवं कानों में नुकसान होने की संभावना न्यूनतम हो जाती है। होली की पार्टी में शामिल होने के दौरान संगीत या पाडकास्ट सुनना आनंद- दायक हो सकता है; लेकिन ईयर फोन या हेडफोन लगाने से पानी और रंग के कानों में जाने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में जनता को चाहिए कि वे कानों की सुरक्षा के लिए स्पीकर का उपयोग करें या शोर मुक्त उत्सव मनाएं। डॉ.शैली ने जनता से अपील की कि वह कृत्रिम रंगों की जगह जड़ी बूटियों,फलों और पत्तियों से तैयार प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करें। प्राकृतिक रंगों की पहचान कैसे करें, इसके बारे में बताते हुए डॉ. ममगाईं ने बताया कि प्राकृतिक गुलाल हाथों पर लगाने से अपना रंग नहीं छोड़ता, लेकिन हाथों में अपना निशान छोड़ता है और इससे नुकसान भी होता है। इसके अलावा त्वचा रासायनिक रंगों को अपने अंदर एब्जॉर्ब कर लेती है, जिससे नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है।

## लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी : सुभाष

- शत प्रतिशत मतदान के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

शाहबाद मारकंडा के गांव जंधेड़ी में मतदाता जारूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें मारकंडा नेशनल कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, शिक्षक और गाँववासी मौजूद रहे। मतदाता जागरूकता रैली का एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व समाजसेवी सुभाष कलसाना, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत राणा, और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सिद्धांत ने रिबन काटकर शुभारंभ किया, इसके बाद मतदाता जागरूकता रैली गांव की प्रत्येक गली और चौराहे से मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए निकली वहां उपस्थित लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थी अपने हाथों में आमजन से वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। इस मौके पर गौरव सैनी,बिनोद हबाना, गुलशन निम्मा और संजीव वर्मा मौजूद रहे। सुभाष कलसाना ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है।



शाहबाद। मतदाताओं को जागरूक करते सुभाष कलसाना।

## होली के रंग समाज में भाईचारा और उमंग भरते हैं : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



थानेसर हल्का में होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में नवनियुक्त शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उमा सुधा, भाजपा जिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा सहित उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने शिरकत की और शहर वासियों, गणमान्य लोगों, के साथ बरसाना की तर्ज पर फूलों के साथ होली का पर्व मनाया। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा के प्रयासों से रविवार को एक निजी पैलेस में आमजन के साथ होली खेलने के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा, नप की निवर्तमान अध्यक्षा श्रीमती उमा सुधा, साहिल सुधा सहित परिवार के अन्य सदस्यों, शहर वासियों, गणमान्य लोगों ने फूलों और सूखे रंगों के साथ होली खेली। राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि होली के रंग-बिरंगे रंग समाज में आपसी भाईचारा, उल्लास और उमंग के रंग भरते है। यह रंगों पर्व देश का एक अनोखा त्यौहार है।

## खाटू श्याम जागरण में उमड़ा आस्था का सैलाब

- पिहोवा में बही बाबा श्याम की भक्ति की रसधार, भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा अनाज मंडी में आयोजित खाटू श्याम जागरण में जमकर भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ा। प्रत्येक श्याम प्रेमी बाबा को अपने ही तरीके से रिझाने में लगा था। कुछ लोग छप्पन भोग लेकर पहुंचें तो कुछ ने फलों की टोकरियां भेंट की। सैकड़ों महिलाये हाथों में निशान लेकर शहर के भ्रमण पर निकलती दिखी। वहीं दूसरी तरफ भजन गायकों ने भी बाबा की महिमा का बखूबी गुणगान किया। श्याम प्रेमी बाबा की भक्ति से ऐसे जुड़े दिखे कि देर रात तक भी पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था। कोलकाता से पहुंचें प्रसिद्ध भजन गायक राज पारिक ने अपनी गायकी से श्रद्धालुनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावों से भरे भजनों को सुनकर लोग अपने आसूं नहीं रोक पर रहे थे। पिहोवा की शान भाई जतिन जिंदल ने भी खूब समाँ बांधा। समाजसेवी सेन्सन पेपर मिल से हरि सैनी ने ज्योति प्रचंड कर कार्यकम की शुरूआत की। जागरण में श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर सेवदल, हैल्पिंग हैंड्स कमेटी व श्री गौरी शंकर सेवा दल ने व्यवस्था बनाने में भरपूर सहयोग दिया। इस अवसर पर युधिष्ठर राय बहल, सुशील बंसल, देवेंद्र जिंदल, अरुणाएं सेवादल से प्रधान राज कश्यप, प्रबंधक भूषण गौतम, रोशन लाल गर्ग, सुमित हिंदुस्तानी, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपानी, अनिल धवन, पराग, कृष्ण सैनी, डॉक्टर अवनीत सिंह, अक्षय नंदा, समिति उपप्रधान नितिन गर्ग, कोषाध्यक्ष सुमित सिंगला, सचिव वेद प्रकश, विजय गर्ग, नीरज गर्ग, अजय गर्ग, आशीष गर्ग, मनीष गर्ग, सुधीर गुप्ता, अमित बंसल, प्रिंस गर्ग, विजय गर्ग, मुकेश शर्मा, रवि बंसल, आयुष बंसल, हितेश, शमिक, साहिल मित्तल, अमन सिंगला, डॉक्टर नितिन गर्ग, राजीव मित्तल, अजय सिंगला, रमेश गर्ग उपस्थित थे। लेफ्टिनेंट बिक्रमजीत सिंह ने कहा की बाबा श्याम हारे का सहारा है।



पिहोवा। खाटू श्याम जागरण में ज्योति प्रचंड करते सरदार बिक्रमजीत सिंह, जागरण में बाबा की महिमा का गुणगान करते गायक राज पारिक।



## श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में 5 क्विंटल फूलों से खेली जाएगी होली

**थानेसर।** होली के पवित्र त्यौहार को इस्कॉन बड़े अनूठे तरीके से मनाता है। हर वर्ष इस्कॉन में फूलों की होली खेली जाती है, जिसमें हजारों भक्त भाग लेते है। इस वर्ष भी इस्कॉन ने इस अनूठी होली की तैयारियों शुरू कर दी है, करीब 5 क्विंटल फूलों का इंतजाम किया जा रहा हैं। फूलों की इस अनूठी होली को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु ज्योतिसर स्थित इस्कॉन के श्री कृष्ण अर्जुन मंदिर में आएंगे और मंदिर प्रशासन भी उसी स्तर की व्यवस्था कर रहा है। फूलों की होली के पूर्व, 21 से 25 मार्च तक साक्षी गोपाल प्रभुजी के द्वारा गौर कथा का आयोजन भी किया जा रहा हैं। भगवान चैतन्य महाप्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष में यह कथा की जा रही है। जिसमे प्रभुजी ने बताया कि चैतन्य महाप्रभु जो राधा कृष्ण का अवतार लेकर आए हैं पतित जीवो का उद्धार करने के लिए और यह भगवान का बहुत ही दयालु अवतार है। चैतन्य महाप्रभु गोलोक वृंदावन का प्रेम धन है हरिनाम संकीर्तन देने के लिऐ आए है।










## भारतीय योग संस्थान 10 को विश्व भर में मनाएगा स्थापना दिवस : देस राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अप्रैल को विश्व भर में अपना स्थापना दिवस मनाएगा। यह जानकारी आज प्रातः संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान योग रत्न माननीय देसराज ने संस्थान के प्रांतीय व जिला अधिकारियों के लिए आयोजित ऑनलाइन बैठक में दी। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस दुनिया भर में स्थित संस्थान के सभी निशुल्क योग साधना केंद्रों पर अधिकतम संख्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसमें संस्थान के वर्तमान साधक साधिकाओं, कार्यकताअरं व अधिकारियों के साथ-साथ पूर्व साधकों, कार्यकताअरं व अधिकारियों तथा आम जनता को भी आमंत्रित किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर केंद्र प्रमुख भारतीय योग संस्थान की स्थापना का संक्षिप्त परिचय देने के साथ ही संस्थान के लक्ष्यों, उद्देश्यों, के बारे में भी उपस्थित जनसमूह को अवगत करवाएंगे। साथ ही कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि भी व्याख्यान देंगे । इस बैठक में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड सहित अन्य प्रांतों के अधिकारी भी ऑनलाइन जुड़े।

## भाविप ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा के सभी सदस्यों ने परिवार मिलन का कार्यक्रम होली पर्व रंगों एवम उमंग का उत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ टीचर क्लब, कुवि में आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, अध्यक्षता पवन गुप्ता अध्यक्ष कुरुक्षेत्र शाखा ने वंदे मातरम के गायन तथा भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्चना से की गई। इस अवसर पर परिषद के अनेक सद्स्यों व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। इस अवसर पर डॉ एस एम गुप्ता, रमेश गुलाटी, अशोक चौधरी, डॉ वी वी चिक्करा,डॉ संजय शर्मा मीडिया प्र भा री , अ नु ज , म म ता सचदेवा,प्रवीण घई,शारदा गुलाटी, मानसी,डॉ हरि प्रकाश शर्मा, नितिन गोयल, मोहिंदर सुमरान, अतुल गोयल व जयप्रकाश पंवार आशा ढलवाल, ममता शर्मा,बलबीर सिंह जी सहित अनेकों सद्स्य परिवार सहित उपस्थित थे। डॉ माधविका मदान, डॉ संगीता गुप्ता, डॉ देवेंदर खुराना, शशी गोयल, अश्वनी सैनी,डॉ सुनील बाला चिक्कारा, सुशील सूद,शकुंतला पंवार व जयप्रकाश पंवार का युगल गीत और बच्चों ने उत्कृष्ट प्रस्तुतिया दी तथा वातावरण को भक्तिमय कर दिया। प्रो सोमनाथ सचदेवा कुलपति, एस एम गुप्ता,ममता सचदेवा, पवन गुप्ता ने परिषद के परिवारों को उत्कृष्ट कार्यों हेतु एवं आज के कार्यक्रम में प्रस्तुतियाँ देने वालों को भी सम्मानित किया गया।



## ईश्वर की कृपा से प्राप्त होता है सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

श्रीश्री 1008 स्वामी अनन्त प्रकाशानंद पुरी महाराज की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबाला रोड़ शास्त्री कालोनी स्थित श्री अद्वैत स्वरूप अनन्त आश्रम(नंगली वाली कुटिया)में दो दिवसीय संत समागम, भजन संध्या व भंडारा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में श्री रामायण पाठ, ध्वजारोहण, सत्संग, संतो के प्रवचन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में नतमस्तक होकर अपने सुखमय जीवन की कामना की। समागम में भजन गायक सर्वजीत सोढी, मोंटू मोहनपुरी, प्रमोद नागपाल, विजय चावला, विकी वोहरा, सुखदेव शर्मा ने अपने भक्ति गीतों के माध्यम से भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। सर्वप्रथम श्री रामायण पाठ का भोग डाला गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे डा. अवनीत वडैच, रोटरी कलब के प्रधान मनोहर लाल शर्मा, चंद्रप्रकाश धमीजा, विक्रम चक्रपाणि, समाजसेवी देव पूर्णिमा, डा. विनोद धीर, आशु वासन सहित अनेक गण्यमान्यजनों ने संतों का आशीर्वाद लिया।



## हृदय, मधुमेह रोगी होली खेलते समय जोश में न खोएं होश : डॉ.ममगाईं

**कुरुक्षेत्र।** रंगों के त्योहार होली के दिन सभी रंगों में रंग जाते हैं, लेकिन इन सब के बीच मधुमेह, हृदय और सांस-एलर्जी से पीड़ित लोगों के लिए अपनी सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। होली के रंग विशेष कर मिलावटी रंग फेफड़ों, आंखों, कानों, बालों, त्वचा और हृदय को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कृत्रिम रंगों की जगह प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करना ज्यादा बेहतर होगा। यह चेतावनी पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के हृदय एवं छाती-क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं 'शैली' ने होली की पूर्व संध्या पर दी। दिल के मरीजों को चेताते हुए डॉ. शैली ने बताया कि कई लोग होली के मौके पर जाने -अनजाने में जोश में भांग का सेवन करते हैं, लेकिन दिल के मरीजों को नशीले पदार्थों, शराब और विशेष कर भांग के सेवन से दूरी बनानी चाहिए। भांग के सेवन से दिल की धड़कनें तेज हो सकती हैं, जिससे उच्च रक्तचाप का खतरा बना रहता है।





